आवश्यक

संख्या- 24 /2015/4216/12-2-2015-बजट.5/2012

प्रेषक,

अमित मोहन प्रसाद,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

कृषि निदेशक,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कृषि अनुभाग-2 लखनऊः दिनांकः 16 दिसम्बर, 2015

विषयः रबी 2015-16 में विभिन्न योजनाओं में डी0बी0टी0 के अन्तर्गत वितरित किए जाने वाले प्रमाणित बीजों का लक्ष्य के सापेक्ष (120 प्रतिशत) बीज वितरण करने वाले कार्मिकों को पुरस्कृत किए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्याः 13/2015/2580/12-2-2015-बजट.5/2012 दिनांक 17 अगस्त, 2015 द्वारा प्रदेश में संचालित विभिन्न योजनाओं में वितरित किए जाने वाले प्रमाणित बीजों पर अनुदान डी0बी0टी0 के अन्तर्गत आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से कृषकों के बैंक खाते में सीधे स्थानान्तरित किए जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त प्रक्रिया के अन्तर्गत प्रदेश के समस्त जनपदों को अनुदान पर वितरित किए जाने वाले प्रमाणित बीजों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के सफल कार्यान्वयन में जिन अधिकारियों द्वारा सराहनीय योगदान दिया जा रहा है, उनको प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है।

2. इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया है कि दिनांक 20 दिसम्बर, 2015 तक जिन जनपद स्तरीय/मण्डल स्तरीय अधिकारियों द्वारा लक्ष्य का 120 प्रतिशत बीज वितरण एवं अनुदान का किसानों के बैंक खाते में स्थानान्तरण कर लक्ष्य प्राप्त कर लिया जायेगा, उन्हे किसान दिवस दिनांक 23 दिसम्बर, 2015 को सम्मानित किया जायेगा। इसके पश्चात लक्ष्य प्राप्त करने वाले जनपद

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

स्तरीय/मण्डल स्तरीय अधिकारियों को पृथक से प्रशस्ति पत्र दिया जायेगा। सीड स्टोर इंचार्ज को संबंधित संयुक्त कृषि निदेशक द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा।

कृपया उक्त निर्देशों का तत्काल अनुपालन कराया जाना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(अमित मोहन प्रसाद)
प्रमुख सचिव।

संख्या:24 /2015/ 4216(1)/12-2-2015 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
2. समस्त मण्डलीय संयुक्त कृषि निदेशक, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त उप कृषि निदेशक, उत्तर प्रदेश।
4. समस्त जिला कृषि अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
5. प्रबंध निदेशक, उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम, लखनऊ।
6. निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्था, लखनऊ।
7. प्रबंध निदेशक, यू0पी0स्टेट एग्रो, लखनऊ।

आज्ञा से,

(इन्द्रदेव पटेल)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।